**CBSE Class–5 Hindi**

**NCERT Solutions**

**रिमझिम पाठ- 15. बिशन की दिलेरी**

**कहानी से**

**प्रश्न 1. "जी हाँ, हमारे पास लाइसेंस वाली बंदूकें हैं| सरपंच माधोसिंह भी हमें जानता हैं|" शिकारियों ने कर्नल साहब से क्या सोच कर ऐसा कहा होंगा?**

**उत्तर-** शिकारियों ने सोचा होगा कि कर्नल साहब हमें डाँटेंगे इसलिए उन्होंने ऐसा कहा होगा|

**प्रश्न 2. बिशन घायल तीतर को क्यों बचाना चाहता था?**

**उत्तर-** बिशन घायल तीतर को इसलिए बचाना चाहता था क्योंकि उसे शिकारियों द्वारा तीतरों को मारना बहुत बुरा लगता था| वैसे भी वह जानता था कि शिकारी इस तीतर को खेत मे ढूँढ नहीं पाएँगे और घायल तीतर यहीं तड़प-तड़पकर अपने प्राण त्याग देगा|

**प्रश्न 3. घायल तीतर को बचाने के लिए उसे किस तरह की परेशानियाँ हुईं?**

**उत्तर-** उसे काँटेदार झाड़ियों के रास्ते से जाना पड़ा| वह घुटनों के बल चल रहा था जिस कारण उसके हाथ-पाँव में काँटे भी चुभ गए थे| वह काफी देर तक दौड़ता रहा, जिससे उसकी कमीज़ पसीने से गीली व फट भी गई थी|

**प्रश्न 4. घायल तीतर अगर तुम्हें मिला होता, तो तुम उसे पालते या अच्छा होने पर छोड़ देते? क्यों?**

**उत्तर-** घायल तीतर अगर हमें मिला होता तो हम उसे अच्छा होने पर छोड़ देते क्योंकि सभी पशु-पक्षियों को स्वंतत्र रहने का अधिकार है| सभी पक्षी स्वंतत्र रहकर ही खुश रहते है|

**भाषा की बात**

**प्रश्न 1. इन वाक्यों को अपने शब्दों में लिखो-**

**• सुबह की हलकी धूप में खेत सुन्दर दिख रहे थे|**

**• वह इतना तेज़ चल रहा था मानो उसके पंख लगे हुए थे|**

**उत्तर-** सुबह की हलकी धूप में खेत सुन्दर दिख रहे थे|

• इतना तेज़ चल रहा था कि जैसे उसके पंख लगे हुए हों|

**प्रश्न 2. "तीतर स्वेटर में फँस गया तो बिशन ने <u>उसे</u> पकड़ लिया और <u>अपने</u> सीने से चिपका लिया|"**

**ऊपर लिखे वाक्य में 'उसे' शब्द का इस्तेमाल 'तीतर' के लिए किया गया है| एक ही संज्ञा का बार-बार इस्तेमाल करने की बजाय उसकी जगह पर कुछ ख़ास शब्दों का प्रयोग किया जाता है| ऐसे शब्दों को सर्वनाम कहते हैं | सर्वनाम छाँटकर लिखो|**

**(क) मास्टर साहब ने अप्पाराव को ......... पास बुलाकर कहा, ...... कल ..... घर आना | ( मेरे, अपने , तुम)**

**(ख) सेंटीला ...... घर नागालैंड के किस शहर में हैं ? ( तुम)**

**(ग) सुधा ने ....... बुआ से पूछा, पापा ..... कितने बड़े है ? ( आप)**

**(घ) मोहन को समझ में नहीं आ रहा कि ...... क्या करना चाहिए ? ( वह)**

**(ङ) विमल ने ...... अफसर को याद दिलाया कि ..... चार बजे बैठक में जाना है | ( आप, वह)**

**उ त्तर-** (क) अपने, तुम, मेरे

(ख) तुम्हारा

(ग) अपनी, आपसे

(घ) उसे

(ङ) अपने, उन्हें

**प्रश्न 3. इन वाक्यों को पूरा करो-**

**(क) वह इतना धीरे चल रहा था , मानो.............**

**(ख) रात में चमकते तारे ऐसे दिख रहे थे , मानो .............**

**(ग) तुम तो मंगल ग्रह के बारे में ऐसे बता रहे हो ,मानो ...........**

**(घ) बिल्ली चूहे को ऐसी ललचाई नज़रों से देख रही थी , मानो ......**

**उ त्तर-** (क) वह इतना धीरे चल रहा था, मानो **चींटी चल रही हो**|

(ख) रात में चमकते तारे ऐसे दिख रहे थे, मानो **आकाश में तारों की चादर बिछी हो**|

(ग) तुम तो मंगल ग्रह के बारे में ऐसे बता रहे हो,मानो **तुम मंगल ग्रह पर जाकर आए हो**|

(घ) बिल्ली चूहे को ऐसी ललचाई नज़रों से देख रही थी, मानो **अभी खा जाएगी** |

---

**फसलों के इर्द-गिर्द**

**प्रश्न 1. इस कहानी में सेबों के खेत और सीढ़ीनुमा खेत का जिक्र आया है| अनुमान लगाकर बताओ कि यह कहानी भारत के किस भौगोलिक क्षेत्र की होगी और वहाँ सीढ़ीनुमा खेती क्यों की जाती होगी?**

**उत्तर-** यह कहानी भारत के उत्तरी भाग की होगी| वहां सीढ़ीनुमा खेती समतल भूमि के अभाव के कारण की जाती है | हिमाचल या कश्मीर ही ऐसे भाग है| वैसे भी इन क्षेत्रों में भारी वर्षा और बर्फबारी के कारण सीढ़ीनुमा खेत बनाए जाते हैं| जिससे पानी फसलों को नष्ट ना कर सके|

**प्रश्न 2. “ सेबों के बाग में कीटनाशक दवा का छिड़काव हो रहा था|”**

**यों तो कीटनाशक से दवाएँ फलों, सब्जियों और अनाज की फसलों को कीड़ा लगने से बचाती है , पर**

**(क) ये कीटनाशक दवाएँ कीड़ों को नष्ट करती है | इससे इनका सेवन करने से क्या हमें भी नुकसान होगा? पता करो और कक्षा में बातचीत करो|**

**उत्तर -** फलों, सब्जियों और अनाज की फसलों को कीड़े से बचाने के लिए किटनाशक दवाएँ छिड़की जाती है| ये कीटनाशक दवाएँ कीड़ों को नष्ट करती है| लेकिन इनमें जहर की मात्रा बहुत ही कम होती है| इसलिए उनके सेवन से नुकसान नहीं होता है| लेकिन फिर भी वह कीटनाशक हमारे पाचन तंत्र पर थोड़ा-बहुत प्रभाव डालते हैं| इसलिए इसके सेवन से पहले अच्छे से धोना चाहिए|

**( ख ) ऐसे में फलों और सब्जिओं का इस्तेमाल करने से पहले किन - किन बातों का ध्यान रखना जरूरी होगा?**

**उत्तर -** फलों और सब्जियों को कीड़ों से बचाने के लिए कीटनाशक दवाओं का छिडकाव किया जाता है| इसलिए फलों और सब्जियों को खाने से पहले अच्छी तरह से धोना चाहिए| सब्जियों को पका कर खाना चाहिए| कटी हुई सब्जियों या फलों को नहीं खाना चाहिए|

---

**तुम्हारे आस-पास**

**प्रश्न 1. कर्नल दत्ता ने घायल तीतर को गेंदे की पत्तियों का रस पिलाने के लिए कहा| पत्तों का इस्तेमाल कई कामों के लिए होता है| नीचे लिखी पत्तियों का इस्तेमाल किसलिए होता है?**

**तुलसी, नीम, मीठा नीम, आम, अमरुद, तेजपत्ता, केला, सागवान**

**उत्तर- तुलसी** – पूजा-पाठ करने तथा चाय में डालने में प्रयोग होती है|

**नीम** - फोड़े-फूँसी पर लगाने तथा दवाइयों में प्रयोग होता है|

**मीठा नीम** - (करी पत्ता) सब्जियाँ व दाल बनाने में प्रयोग होता है|

**आम** - पूजा-पाठ और हवन आदि में प्रयोग होता है|

**अमरुद** - दवाइयों में प्रयोग होता है|

**तेजपत्ता** - सब्जी में डालने तथा मसाला बनाने में प्रयोग होता है|

**केला** - पूजा-पाठ तथा भोजन करने में प्रयोग होता है|

**सागवान** - दोने-पत्तल बनाने तथा कपड़ों की रंगाई में प्रयोग होता है|

**प्रश्न 2. "कर्नल साहब के कहने पर बिशन दौड़कर 'दवाइयों का बक्सा' ले आया|" इसे तुम 'प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स /फर्स्ट एड बॉक्स' के नाम से जानते होंगे|**

**(क) इस बक्से में क्या-क्या चीज़ें होती हैं?**

**उत्तर-** इस बक्से में कपड़ो की पट्टी, रुई, डेटॉल, कटने- छिलने की दवाई, कैंची, चिमटी आदि चीजें होती है|

**(ख) इसका इस्तेमाल कब-कब किया जाता है?**

**उत्तर-** इसका इस्तेमाल मामूली चोट लगाने या छोट-मोटे उपचार के लिए किया जाता है|

**प्रश्न 3. तुमने पर्यावरण अध्ययन में पढ़ा होगा कि पहाड़ी क्षेत्रों में आमतौर पर छतें, ढलावदार बनाई जाती है| सोचकर बताओ की ऐसा क्यों किया जाता है?**

**उत्तर-** पहाड़ी क्षेत्रों में आमतौर पर छतें ढलावदार बनाई जाती हैं क्योंकि इन क्षेत्रों में बर्फ आदि पड़ती रहती हैं जो समतल छत होने पर उसमे जमा हो सकती है| जिससे मकान गिरने का खतरा हो सकता है| इसके साथ ही ये ढलावदार छते तेज बारिश के लिए भी उपयुक्त हैं|

---

**पहाड़ी इलाका**

**प्रश्न- इस कहानी में पहाड़ी, घाटी शब्दों का इस्तेमाल हुआ है| पहाड़ी इलाके से जुड़े हुए और शब्द सोचकर लिखो| जैसे- ढलान, चट्टान आदि|**

---

**उत्तर-** ढलान, चट्टान, टेढ़ा-मेढ़ा, कंटीला, संकरा, पथरीला, ऊँचा-नीचा, कठोर शुष्क, खुला, बर्फीला, चट्टानी, असमतल, सीढ़ीनुमा, पगडंडी, झाड़ी, छप्पर, बर्फबारी, चोटियाँ आदि|

---

**तितर**

**प्रश्न 1. पहेली –**

**तीतर के दो पीछे तीतर,,**
**तीतर के दो आगे तीतर**
**बोलो कितने तीतर?**
**उत्तर-** तीन तीतर|

**प्रश्न 2.तीतर का फोटो दिया गया है| गौर से देखो और उसक वर्णन करो | चौथी में तुम यह कर चुके हो|**



**उत्तर-** तीतर एक छोटा-सा पक्षी होता है| यह दिखने में बहुत ही सुंदर ही लगता है| इसके छोट-छोटे पंख होते हैं| यह फुदक-फुदक कर चलता है और हल्की उड़ान भी भरता हैं| यह एक साथ झुण्ड में रहते है तथा लड़ने में तेज होते हैं|

**प्रश्न 3. तीतर के बारे में और जानकारी इकट्ठा करो| जैसे- तीतर का घोंसला, वह क्या खाता है आदि|**
**उत्तर-** तीतर छोटे-छोटे तिनकों से अपना घोंसला बनाता है| वह हरी-हरी पत्तियाँ, छोट-मोटे कीड़े तथा फल-फूल खाता है| यह दिखने में भूरे रंग का होता है और बहुत अच्छा लगता है| ये आपस में लड़ाई भी करते हैं| गाँव में तीतर की लड़ाई कराई जाती हैं| कुछ लोग इसका माँस भी खाते हैं|